## सार-समाचार

### नाचना सरपंच के कार्यों की जांच मांगी

**पोकरण**, (कासं)। जैसलमेर जिले की नहरी बाहुल्य क्षेत्र की नाचना ग्राम पंचायत की सरपंच पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके द्वारा करवाए गए विकासीय कार्यों की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से करवाने की मांग को लेकर नाचना के ग्रामीणों द्वारा पिछले आठ दिनों से चल रहे धरने के बाद उसने बदलावा किया गया तथा क्रमिक अनशन दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा। ाप्त जानकारी के अनुसार नाचना सरपंच द्वारा पिछले चार साल में करवाए गए विभिन्न प्रकार के विकासीय कार्यों में खुलकर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने पूर्व में 29 दिन का धरना प्रदर्शन किया था तथा प्रशासन के साथ समझोता वार्ता होने तथा प्रशासन द्वारा उचित जांच करवाने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना स्थगित कर दिया था लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीण पुनः धरने पर बैठ गए थे, जो लगातार आठ दिन तक चलने के बाद शुक्रवार से धरना क्रमिक अनशन में बदल दिया गया था, जो दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने राज्य के मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बताया कि वे पिछले आठ दिन से गांधीवादी तरीके से धरने पर बैठे रहे है। लेकिन जिला प्रशासन कुंभकर्णी नींद से जाग ही नही रहा है। इसलिए ग्रामीणों ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया जो दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा। ज्ञापन में बताया की सोमवार तक उनकी मांगे पूरी नहीं होने पर मंगलवार से ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। वही नरपत सिंह एंव ओम प्रकाश गर्ग दूसरे दिन भी अनशन पर रहे। तेजसिंह खालत, संतोष सोडीया,पदमाराम सुथार, कानाराम सुथार, तनु भारती महेंद्र सिंह आदि ग्रामीणजन मौजूद रहे है।

### कड़ी सुरक्षा में स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से शनिवार को दो पारियों में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच स्टेनोग्राफर-निजी सहायक ग्रेड द्वितीय भर्ती परीक्षा हुई। परीक्षा के लिए जोधपुर में 67 केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा दो पारियों में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे और दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक हुई। परीक्षा में नकल रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से स्टेनोग्राफर-शॉर्ट हैंड, निजी सहायक ग्रेड सैकंड संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा शहर के 67 केन्द्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा केंद्र पर दो घंटे पहले प्रवेश शुरू हो गया। वहीं एक घंटे पहले गेट बंद कर दिए गए। केंद्र पर अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी भी की गई। इस बार परीक्षा में अभ्यर्थियों को फुल आस्तीन के शर्ट पहनकर आने की अनुमति थी। खास बात यह है कि परीक्षा के लिए 75 फीसदी सरकारी स्कूलों को केंद्र बनाया गया था। केंद्रों पर निगरानी के लिए 11 फ्लाइंग का गठन किया गया था। राजस्थान सरकार ने इस परीक्षा के लिए सभी परीक्षार्थियों को आने-जाने के लिए राडेवेज बसों में फ्री यात्रा की सौगात दी थी। ऐसे में परीक्षा देने आने व जाने के लिए आज रोडवेज बसों में परीक्षार्थियों की भीड़ रही। अधिकांश परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र दूसरे जिले में आवंटित किया गया था। इस कारण परीक्षार्थी रोडवेज बसों में फ्री यात्रा कर गंतव्य स्थानों पर पहुंचे।

### जीत मेडिकल कॉलेज को स्वीकृति मिली

**जोधपुर** , (कासं)। जीत मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल ने सत्र 2024-25 से मेडिकल (एमबीबीएस) में प्रवेश के लिए आवेदन किया था जिसके लिये जीत मेडिकल कॉलेज को नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) से स्वीकृति प्राप्त हो गई । जीत यूनिवर्स के चेयरमैन मयंक सिंघी ने बताया कि जोधपुर में मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करने और छात्रों को चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम हैं जिससे छात्रों को उच्च गुणवता वाली शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त होगा। इस पहल से चिकित्सा के क्षेत्र में गुणवता के साथ साथ आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवता में भी वृद्धि होगी। सिंघी ने बताया कि एनएमसी के मापदण्डों के अनुरूप जीत मेडिकल कॉलेज में उपयुक्त किनिकल मेटेरियल उपलब्ध हैं जो कि विद्यार्थियों के प्रशिक्षण एवं मेडिकल शिक्षा में उपयोगी रहेगा। जीत मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मधु सिंघल ने बताया कि नए सत्र के साथ छात्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ एयर कंडिशनर क्लासरूम, एडवांस स्किल एवं रिसर्च प्रयोगशालाएं, डिजिटल लाईबे री, और एयर कंडिशनर हॉस्टल्स एवं प्रैक्टिकल अनुभव के साथ-साथ अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन से उनकी चिकित्सा शिक्षा और भी बेहतर होगी।

### किसानों के खातों में 18 वीं किश्त आई

**जालोर**, (कासं)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को वाईगोल, जिला-वाशिन (महाराष्ट्र) से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किश्त जारी की गई। जिले के 1 लाख 7 हजार 375 किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किश्त का सीधा हस्तांतरण हुआ। इस अवसर को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाकर जिले में ग्राम स्तर पर किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के समारोह का लाइव प्रसारण देखा गया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, भूमि विकास बैंक के सचिव नारायण सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे। पीएम किसान उत्सव दिवस पर ग्राम स्तर पर आयोजित किसान सम्मेलन में पीएम-किसान योजनान्तर्गत नियुक्त किये गये विलेज नोडल ऑफिसर्स (वीएनओ), पटवारी एवं संबंधित राजस्व अधिकारियों द्वारा कृषकों को बैंक खाता, आधार लिकिंग एवं पोर्टल पर कृषकों द्वारा स्टेट्स चैक करने इत्यादि प्रक्रियाओं से अधिकाधिक कृषकों को जागरूक किया गया।

### होम्योपैथी चिकित्सा शिविर लगाया

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, जोधपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा शनिवार को कृषि महाविद्यालय, मण्डोर जोधपुर में निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार होम्योपैथी चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. वृषाली बारब्दे एवं शिविर प्रभारी डॉ. राजेश कुमार कुमावत ने बताया कि होम्योपैथी विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. नरेन पटवा, डॉ. राजवीर सिंह राठौड़ एवं नर्सिंग कर्मी सुमन ने अपनी सेवाएं दी। इस शिविर में 66 शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को निःशुल्क होम्योपैथिक औषधियां देकर लाभान्वित किया गया। शिविर में मौसमी बीमारियाँ, मधुमेह, अस्थमा, उच्च रक्तचाप, चर्म रोग, रक्त की कमी, बालों का गिरना तथा महिलाओं की महावारी से सम्बन्धित जानकारी एवं चिकित्सा दी गई।शिविर के दौरान कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. सीता राम कुम्हार, डॉ. कृष्णा सारण एवं पीटीआई लक्ष्मण सिह उपस्थित थे।

### गुड़ामालानी में जिला विज्ञान मेला 7 से

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुड़ामालानी मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय विज्ञान मेला 7 से 9 अक्टूबर से आयोजित होगा। प्रधानाचार्य हितेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि विज्ञान के प्रति जागरूक करने एवं नए आइडिए के अनुसार आविष्कार को लेकर स्कूली विद्यार्थी वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन करेंगे। इनके माध्यम से विद्यार्थियों को नया आइडिया विकसित करने का मौका मिलता है। विज्ञान मेलों में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएं होगी। इसमें स्कूली बच्चे अपने आइडिया के आधार पर कई मॉडल का प्रदर्शन करेंगे। कक्षा 6 से 8 तक जूनियर एवं कक्षा 9 से 12 तक सीनियर विद्यार्थियों की मॉडल प्रतियोगिता क्विज और सेमिनार आयोजित होगा । एवं बताया कि जिला स्तरीय विज्ञान मेला में 265 विद्यार्थी ने भाग लेंगे । तथा यहां से जो प्रतिभागी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे वो राज्य स्तर पर जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सेवानिवृत रोड़वेज कार्मिकों की बैठक हुई

**जालोर**, (कासं)। सेवानिवृत रोडवेज कर्मचारियों की मासिक बैठक जालोर में शनिवार को छोगसिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवानिवृत रोडवेज कर्मचारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए संरक्षक जयसिंह ने कहा कि रोडवेज में लगातार पुराने कर्मचारी सेवानिवृत हो रहे है, जो करीब 2024 में 95 प्रतिशत कर्मचारी सेवापूर्ण कर लेंगे, लेकिन बजट अध्यक्षता में सिर्फ 1650 भर्ती की घोषणा की गई जो कि ऊँट के मुंह में जीरो साबित होगी। उन्होने कहा कि आज निगम बेडे में दो हजार बसों की जरूरत है। वहां सिर्फ 510 बसों की स्वीकृति जारी की गई। उपाध्यक्ष हिंगलाजदान ने बताया कि नगर परिषद के सामने यात्रियों के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होने से बारिश के दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# दिवेर विजय महोत्सव पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय जोधपुर में संभाग स्तरीय दिवेर विजय महोत्सव पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन आभासी पटल के माध्यम से किया गया।

प्राचार्य डॉ. रिछपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जोधपुर संभाग के 6 जिलों के 30 महाविद्यालय के 91 प्रतिभागियों ने भाग लिया और दिवेर विजय के विभिन्न प्रसंगों को छूते हुए महाराणा प्रताप की कृतित्व और व्यक्तित्व के बारे में गहन प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय सिरोही के पीयूष द्विवेदी ने प्रथम राजकीय महाविद्यालय सिरोही के ही सुरेश कुमार ने द्वितीय राजकीय कन्या महाविद्यालय तिंवरी मथानिया की कुमकुम शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम तीन विजेता प्रतिभागी 7 अक्टूबर को प्रताप गौरव केंद्र राष्ट्रीय तीर्थ द्वारा उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. रिछपाल सिंह ने महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर युवाओं को उनके बताए रास्ते पर चलने का आहवान किया और विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उच्च कोटि के प्रदर्शन के लिए शुभकामना प्रेषित की।

कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका राजकीय कन्या महाविद्यालय मगरा पूंजला की सह आचार्य डॉ. पुष्पा विश्नोई, सहायक आचार्य डॉ नगेंद्र बाला व राजकीय कन्या महाविद्यालय सूरसागर के सहायक आचार्य प्रकाश दान निभाई।

कार्यक्रम का ऑनलाइन संचालन डॉक्टर चंद्रवीर सिंह भाटी, डॉ जवान दान तथा रंजना कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ. ओमप्रकाश देवासी डॉ. संगीता वर्मा, डॉ. संगीता कुंपावत, दो गोकुल राम कच्छवाहा डॉ. खुशबू , नीलम टांक आदि उपस्थित रहे।

राजकीय महाविद्यालय जोधपुर में संभाग स्तरीय दिवेर विजय महोत्सव पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन आभासी पटल के माध्यम से किया

# सुंदेलाव तालाब का निरीक्षण

जालोर कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने सुंदेलाव तालाब पर सफाई कार्य देखे। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के गावंडे ने शनिवार को दोपहर में सुंदेलाव तालाब पहुंच नगर परिषद जालोर द्वारा करवाये जा रहे साफ-सफाई व पानी उपचार के लिए किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया।

कलैक्टर ने नगर परिषद के अधिकारियों को ठोस कार्रवाई कर तालाब में गंदे प्रदूषित पानी के प्रवाह की शत प्रतिशत रोकथाम करने, तालाब किनारे अच्छी तरह साफ-सफाई करने तथा मत्स्य विभाग की टीम द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप पानी को चूने की सहायता से उपचारित किये जा रहे कार्य में तेजी लाने की बात कही।

इस दौरान नगर परिषद के आयुक्त दिलीप माथुर ने जिला कलक्टर को अवगत करवाया कि सुन्देलाव तालाब के किनारे मृत पड़ी मछलियाँ हटाई जा चुकी हैं तथा सीवरेज पानी का प्रवाह रोकने के लिए रोबोट मशीन व मैन्युअल रूप से सीवरेज चैम्बर्स की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा हैं। इस दौरान नगर परिषद के कार्मिक उपस्थित रहे।

## रोलर स्केटिंग में पाली छाया

**पाली**, (नि.सं.)। 68वी राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता सवाई माधोपुर में पाली जिले के 12 खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

पाली जिला स्केटिंग संघ अध्यक्ष आनंद कवाड व मुख्य सचिव अजय शर्मा ने बताया कि 2000 मीटर रोड रेस में अविका सोनी 35 खिलाड़ियों मे से टॉप 10 में आकर छठवें स्थान पर बाजी मारी। बालक में 2000 मीटर रेस में 48 में से टॉप 16 में, क्वाड रेस में जयंत गोयल ने 14वी रैंक व इनलाइन रेस में सिद्धार्थ शर्मा ने 15वीं रैंक पाई। स्केटिंग कोच अजय शर्मा ने बताया कि बालक वर्ग दल प्रभारी दिग्विजय सिंह व गजेंद्र सिंह व बालिका दल प्रभारी भारती व्यास के नेतृत्व में 500,1000 मीटर व 2000 मीटर रेस में विहान अग्रवाल, हार्दिक चौधरी, हरयांश भंडारी , दक्ष सोनी व बालिका वर्ग में तनीषा शर्मा, साध्वी सोलंकी, जानवी राजपुरोहित, जीनत बानो रिंक रेस व रोड रेस में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## बाड़मेर जिला परिषद् की बैठक मंगलवार को

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। बाड़मेर जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 8 अक्टूबर को जिला प्रमुख महेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे आयोजित होगी। इस दौरान जिला परिषद की ओर से संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के साथ मुख्यमंत्री ाामीण रोजगार गारंटी योजना की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन किया जाएगा।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी ने बताया कि बैठक के दौरान गत बैठक की कार्यवाही विवरण के अनुमोदन, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चिकित्सा विभाग, डिस्काम, शिक्षा, कृषि, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ ाामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक सूचनाओं के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

# गरबा नृत्य की स्वीकृति निरस्त करने की मांग की

**जालोर**, (कासं)। सनातन धर्म के लोगों ने जालोर के आहोर रोड स्थित विजय पैराडाईज होटल में 33 केवी बिजली लाईन के नीचे गरबा महोत्सव का आयोजन करने की स्वीकृति निरस्त करने की मांग को लेकर शनिवार को तहसीलदार को जिला कलैक्टर जालोर के नाम ज्ञापन सौपा।

विश्व हिन्दु परिषद के सदस्य सोहन अग्रवाल ने बताया कि आयोजन स्थल के उपर से 33 केवी बिजली लाईन गुजर रही है। उसके नीचे गरबा महोत्सव का आयोजन करने से बडा हादसा हो सकता है। हादसे की आंशका के चलते ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में बताया कि वैदाग्रणी कला सांस्कृतिक संस्थान द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन करवाया जा रहा है। जिन्होने गरबा महोत्सव के नाम पर विभिन्न संगठनो व आमजन से धन राशि एकत्रित की है। जिसके बाद महोत्सव समिति ने बिना पुछे कुछ लोगो के नाम आयोजन समिति में लिखे गये है। इन नाम पर लोगों को एतराज था, आयोजन समिति ने गरबा महोत्सव को धार्मिक नही सांस्कृतिक कार्यक्रम बताया है। जिससे हिन्दु धर्म प्रेमियों ने नाराजगी जताई।

इस दौान विश्व हिन्दु परिषद के जिला उपाध्यक्ष दिनेश जीनगर, नारायणलाल, जितेन्द्र सैन, लाखाराम, प्रवीण कुमार, प्रवीणसिंह, विरेन्द्र, जितेन्द्र सोनी, भरत बोराणा, बंशीलाल सोनी, हेमेन्द्रसिंह बगेडिया, हुकमी चंद सोलंकी, गोविन्द व सुरेश सोलंकी सहित कई लोग मोजूद रहे।

जालोर में 33 के.वी. लाइन के नीचे गरबा महोत्सव होने पर स्वीकृति निरस्त करने को लेकर लोग ज्ञापन देने कलैक्ट्रेट पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

# डूडसी में प्रधानाचार्य कक्ष का उद्घाटन

**जालोर**, (कासं)। निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूडसी में भामाशाह की ओर से निर्मित प्रधानाचार्य ऑफिस का शनिवार को भव्य उदघाटन किया गया। भामाशाह रणछोड सिंह पुत्र कपूरजी जागरवाल द्वारा विद्यालय की आवश्यकता को देखते हुए अत्याधुनिक एवं फर्नीचर से सुसज्जित सुविधायुक्त प्रधानाचार्य कक्ष बनाकर विद्यालय को सुपुर्द किया गया।

उद्घाटन समारोह जागनाथ महन्त महेन्द्र भारती के सानिध्य तथा आहोर विधायक छगनसिहं राजपुरोहित, जालोर पंचायत समिति प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य तथा सरपंच डूडसी जमना देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक भैराराम चौधरी व एसीबीइओ रमेश खोरवाल ने शिरकत की।

आहोर विधायक छगनसिंह राजरोहित ने भामाशाह रणछोडसिंह राजपुरोहित को साफा व माला पहनाकर बहुमान किया तथा भामाशाह द्वारा किये गए पुनित कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए ग्रामीणों को अधिकाधिक भामाशाह के रूप में आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने क्षेत्र में उनके द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी और उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं भी जानी। जालोर प्रधान ने भी डूडसी ग्राम व विद्यालय के विकास के लिए अपना भरपूर सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

जिला शिक्षा अधिकारी भैराराम चौधरी ने मारवाड को भामाशाहों की भूमि बताते हुए भामाशाहों का अभिनन्दन किया। अंत में उपस्थित अतिथियों, अभिभावक, ग्रामीणो सहित सभी का प्रधानाचार्य अरशाद खान ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन विक्रमपुरी अध्यापक ने किया गया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को लड्डू वितरित किये गये।

एसएमसी अध्यक्ष देवेन्द्रपाल सिंह, भामाशाह परिवार हेमराम, भानराम, भूपेन्द्र जी, मोमताराम, हिमताराम, जवानराम, राजुसिंह, कानसिंह, आगरवाल परिवार व फूलजी वोरा, अभयसिंह, छैलसिंह, धर्मसिंह, समन्दर सिंह रामसिंह, भगवानाराम सहित कई जने उपस्थित रहे।

जालोर के पास राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूडसी में भामाशाह की ओर से निर्मित प्रधानाचार्य ऑफिस का उद्घाटन हुआ फोटो-राष्ट्रदूत

## सार-समाचार

### अवैध बायो डीजल बनाने की आशंका

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र द्वितीय चरण एमआईए में एक फैक्ट्री परिसर पर रसद विभाग टीम ने 30 सितंबर को रेड दी थी। जहां से अवैध रूप से बायो डीजल बनाने की जानकारी मिली। यहां फैक्ट्री परिसर में भूमिगत टैंक और साजो सामग्री पाई गई। चार लोगों को नामजद कर शुक्रवार को बासनी थाने में केस दर्ज कराया गया। सबसे बड़ी बात है कि पांच दिन पहले की कार्रवाई के बाद अब पुलिस में केस दर्ज कराया गया। थानाधिकारी शफीक मोहम्मद की तरफ से अब जांच आरंभ की गई है। थानाधिकारी शफीक मोहम्मद ने बताया कि प्रवर्तन जिला रसद अधिकारी महिमा जैन की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि रसद विभाग टीम ने 30 सितंबर को बासनी औद्योगिक क्षेत्र द्वितीय चरण में एमआईए स्थित फेमकेम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर दबिश दी थी। यहां पर फैक्ट्री परिसर में अवैध रूप से बायो डीजल निर्मित किया जा रहा था। जहां पर एक भूमिगत टैंक भी था। साथ ही पेट्रो केमिकल उत्पाद आदि रखे हुए थे। प्रथम दृष्टया अवैध रूप से बायो डीजल को बनाया जा रहा था। थानाधिकारी शफीक मोहम्मद के अनुसार फिलहाल केस दर्ज करवाया गया है। इसमें पावटा छठीं सी रोड निवासी रिषि पंकज भाई पारिख, दिनेश कुमार शाह, दर्पण दिनेश भाई शाह एवं प्रतापगढ़ के शुभंम आनंद के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण को लेकर मौका मुआयना नहीं किया है। रसद अधिकारी के उपस्थिति में अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

### कई बाइक व मोपेड चोरी के केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट में वाहन चोर पकड़े जाने के बावजूद अन्य कई गैंग सक्रिय बनी हुई है। पुलिस वाहन चोरों से गाडिय़ां भी जब्त कर रही है। मगर कई गैंग पुलिस के हाथ नहीं लग रही। पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर वाहन चोरी हुए, इस बारे में संबंधित थानों में गाडिय़ां चोरी की रिपोर्ट दी गई है। विवेक विहार थाना पुलिस ने बताया कि कुड़ी भगतासनी हाऊसिंग बोर्ड में रहने वाले सूरज सिंह पुत्र भंवरलाल मेवाड़ा अपनी बुलेट लेकर थाना क्षेत्र 15 सेक्टर पर आया था। जहां से उसकी गाड़ी चोरी हो गई। दूसरी तरफ शास्त्रीनगर पुलिस ने बताया कि एमडीएम अस्पताल आवासीय कालोनी में रहने वाले संतोष सिंह पुत्र बलवीर सिंह की बाइक अस्पताल परिसर से अज्ञात शख्स चुरा ले गया। इसी तरह सदर कोतवाली थाने में दी रिपोर्ट में राजीव गांधी नगर गंगाणा निवासी गंगाराम पुत्र मूलाराम मेघवाल ने पुलिस को बताया कि 4 अक्टूबर को वह घंटाघर आया था, जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। जबकि बनाड पुलिस के अनुसार नांदड़ी निवासी सुनिल पुत्र हीराराम विश्नोई अपने किसी काम से सारण नगर पुल के पास आया था। एक चाय केबिन के पास से उसकी बाइक चोरी हो गई। रातानाडा थाने में दी रिपोर्ट में माहेश्वरी भवन के पास रहने वाले प्रवीण पुत्र राधेश्याम माहेश्वरी ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर से उसकी स्कूटी कोई चुरा ले गया।

### हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग लगी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती बोरानाडा क्षेत्र में एक हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई है। आगजनी में लाखों का नुकसान हो गया। नगर निगम की दमकलों के साथ बोरानाडा से दमकलों को बुलाया गया। शास्त्रीनगर फायर स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार बोरानाडा क्षेत्र तनावड़ा रोड पर एनआर इंटरनेशनल हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री आई है। यहां शुक्रवार की रात 11 बजे के आसपास आग लग गई । आग की सूचना पर शास्त्रीनगर फायर स्टेशन से एक गाड़ी को रवाना किया गया। मगर आग की तीव्रता को देखते हुए वहां नागौरी गेट, बासनी और बोरानाडा से दमकलों को बुलाया गया। पूरा फैक्ट्री परिसर धुएं और आग की चपेट में आ गया था। फैक्ट्री परिसर को भी आग से बुरी तरह नुकसान पहुंचा है। फायर स्टेशनों से पहुंची दस दमकलों से मिलकर उस पर काबू पाया। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया पता नहीं लगा है, मगर आशंका है कि आग शार्ट सर्कि ट से लगने के बाद केमिकल तक पहुंची थी। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। आग से फैक्ट्री में रखा कच्चा पक्का मटेरियल जलकर नष्ट हो गया। फैक्ट्री का मालिक सुरजाराम पुत्र सुगनाराम प्रजापति बताया गया है। आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

### इंडिगो का ऑनलाइन पैसेंजर सिस्टम डाउन

**जोधपुर**, (कासं)। इंडिगो एयरलाइन का ऑनलाइन पैसेंजर सिस्टम डाउन हो गया है। दो घंटों से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट एयरपोर्ट पर ही खड़ी रही। साथ ही दिल्ली से आने वाली फ्लाइट भी लेट हुई। सिस्टम डाउन हो जाने के कारण एयरपोर्ट में सबसे ज्यादा यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उनके बोर्डिंग पास नहीं बन पा रहे हैं। ऐसे में सभी को मैनुअल बोर्डिंग पास बनाकर दिए गए। हालांकि इंडिगो एयरलाइन की ओर से कोई भी फ्लाइट को कैंसिल नहीं किया गया। हालांकि, जोधपुर एयरपोर्ट अधिकारियों की माने तो जोधपुर में इस सर्वर डाउन से पैसेंजर को ज्यादा समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। बताया जा रहा है कि शनिवार दोपहर तक सर्वर पूरी तरह से सही चल रहा था। लेकिन दोपहर बाद अचानक से सर्वर में खामी आ जाने से इंडिगो एयरलाइंस की सेवाओं में परेशानी हुई। जोधपुर से मुंबई जाने के लिए फ्लाइट दो घंटे तक जोधपुर एयरपोर्ट पर खड़ी रही। वहीं अहमदाबाद जाने वाले फ्लाइट ने भी करीब आधे घंटे की देरी से उडान भरी थी। जोधपुर से फ्लाइट में जाने वाले यात्रियों के एयरपोर्ट पर हाथ से बोर्डिंग पास बनाए गए।

### चिकित्कसीय व्यवस्थाएं लड़खड़ाई

**जोधपुर**, (कासं)। मथुरादास माथुर अस्पताल में ठेके पर लगे कर्मचारियों को पिछले दो महीनों से वेतन नहीं मिला है। इसके विरोध में इन ठेका कर्मियों ने शनिवार को कार्य बहिष्कार कर धरना-प्रदर्शन किया। उनकी हड़ताल से अस्पताल में चिकित्कसीय व्यवस्थाएं लडख़ड़ा गई। उन्होंने प्रशासनिक खंड के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि वह राजदीप एंटरप्राइजेज के अधीन कार्यरत है। कंपनी द्वारा पिछले दो माह से उन्हें वेतन नहीं दिया गया है। इस संबंध में उन्होंने कई बार अस्पताल अधीक्षक को भी अवगत करवाया लेकिन कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई। वेतन के अभाव में उनका घर चलाना मुश्किल हो गया है। अस्पताल अधीक्षक ने चार अक्टूबर तक वेतन दिलवाने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक वेतन नहीं मिला है। इसीके विरोध में आज अस्पताल में ठेके पर लगे कंप्यूटर ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन व अन्य कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर बाहर आ गए और धरना देकर प्रदर्शन किया।

### बाइक गाय से टकराई, महिला की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के मंडलनाथ दइजर रोड सडक़ हादसे में दंपति घायल हो गया। घायल महिला की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। उसके पति की तरफ से करवड़ थाने में रिपोर्ट दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया। पुलिस ने बताया कि करवड़ के जुड निवासी देवाराम पुत्र मोहनराम जाट की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह अपनी पत्नी 25 साल की दुर्गादेवी के साथ में बाइक पर मंडलनाथ दइजर रोड से निकल रहा था। तब सामने अचानक एक गाय आ गई। जिससे बाइक टकरा गई। इससे दोनों पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मगर उसकी पत्नी दुर्गा देवी की मौत हो गई। घटना 27 सितंबर को हुई थी, मगर उसकी मौत आज हुई। करवड़ पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया।

### पुलिस ने स्मैक सहित एक जना पकड़ा

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर की कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान बाइक पर जा रहे एक युवक के कब्जे से 17,39 ग्राम एमडी ड्रग्स व 1.98 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने युवक सोहन सिंह को गिरफ्तार किया। ड्रग्स ले जाने में इस्तेमाल की जाने वाली बाइक को भी जब्त किया। शहर कोतवाल सवाई सिंह ने बताया कि तस्कर सोहन सिंह ने बाड़मेर के किसी व्यक्ति द्वारा ड्रग्स लाना बताया। एसएचओ सवाई सिंह ने बताया कि सोहन सिंह और उसका भाई रिड़मल सिंह जेएन व्यास कॉलोनी कच्ची बस्ती में रहते हैं और ड्रग्स का काम करते हैं। पुलिस ने सोहन सिंह के खिलाफ एनडीपीएस का मामला दर्ज कर उसके भाई रिड़मल सिंह की तलाश शुरू कर दी है।

### भील समाज की बैठक आज

**सायला**, (निसं)। आगामी 10 नवम्बर को प्रस्तावित प्रथम जिला स्तरीय भील समाज सामान्य ज्ञान परीक्षा 2024 की पूर्व तैयारी को लेकर 6 अक्टूबर को प्रातः 11.30 बजे जालोर के धवला रोड स्थित समाज छात्रावास में बैठक का आयोजन होगा। जिसमें समाज के सभी ब्लॉक के अधिकारी, कर्मचारी, पंचगण समेत समाजबंधु उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी भील समाज सेवा समिति के विधि सलाहकार गोविन्दराम ने दी।